अर्थ एवं संख्या प्रभाग
राज्य नियोजन संस्थान,नियोजन विभाग,उत्तर प्रदेश
website:-http://updes.up.nic.in

राज्य आय अनुमान

उत्तर प्रदेश

2011-2012 से 2017-2018

अर्थ एवं संख्या प्रभाग
राज्य नियोजन संस्थान,नियोजन विभाग,उत्तर प्रदेश
website:-http://updes.up.nic.in

पत्रिका संख्या– 522

राज्य आय अनुमान, उत्तर प्रदेश

2011-2012 से 2017-2018

अर्थ एवं संख्या प्रभाग

राज्य नियोजन संस्थान

नियोजन विभाग

उत्तर प्रदेश

प्राक्कथन

अर्थ एवं संख्या प्रभाग, राज्य नियोजन संस्थान, नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रत्येक वर्ष " **राज्य आय अनुमान उत्तर प्रदेश** " प्रकाशित की जाती हैं।

इस प्रकाशन में वर्ष 2011–12 से वर्ष 2017–18(त्वरित अनुमान) आधार वर्ष 2011–12 पर खण्डवार राज्य घरेलू उत्पाद के अनुमान प्रचलित एवं स्थायी भावों पर प्रस्तुत किए गये हैं।

केन्द्रीय सांख्यिकीय कार्यालय, नई दिल्ली के राष्ट्रीय लेखा प्रभाग द्वारा दिए गये बहुमूल्य मार्गदर्शन एवं सतत सहयोग तथा इस संस्करण हेतु अपेक्षित आंकड़े उपलब्ध कराकर इसे प्रकाशित करने में दिए गये सहयोग हेतु विभिन्न विभागों के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ साथ ही अर्थ एवं संख्या प्रभाग के सम्बद्ध सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना करता हूँ।

मुझे आशा है कि प्रस्तुत प्रकाशन नियोजकों, नीति निर्धारकों, योजना निर्माताओं, शोधकर्त्ताओं एवं प्रशासकों के लिये अत्यन्त उपयोगी सिद्ध होगा। इस प्रकाशन को और अधिक सार्थक बनाने हेतु सुझावों को विचारार्थ सहर्ष स्वीकार किया जायेगा।

लखनऊः
दिनांकः 14 जनवरी, 2019

(दीपक त्रिवेदी)
अपर मुख्य सचिव,
नियोजन विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

प्रस्तावना

अर्थ एवं संख्या प्रभाग, राज्य नियोजन संस्थान, नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश की राज्य आय के अनुमान वर्ष 1950-51 से निरन्तर तैयार किये जा रहे है। राज्य आय अनुमान केन्द्रीय सांख्यिकीय कार्यालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा उपलब्ध कराई गई नवीनतम् रीति विधायन के अनुसार तैयार किये गये है, जिसमें भारत सरकार, प्रदेश सरकार एवं प्रदेश स्तरीय निगमों के आंकड़ों का प्रयोग किया गया है। प्रति व्यक्ति आय अनुमान महानिबन्धक, भारत सरकार द्वारा जनगणना 2001 तथा 2011 के आंकड़ों का प्रयोग कर प्रक्षिप्त की गई मध्य वर्षीय (1 अक्टूबर) जनसंख्या के आधार पर निकाले गये है। राज्य आय अनुमान को अन्तिम रुप प्रदेश की सांख्यिकी समन्वय समिति की ''क्षेत्रफल, जनसंख्या, राज्य आय एवं आर्थिक सूचकांक" पर गठित उप समिति की जनवरी 04, 2019 को आयोजित बैठक में गहन विचार-विमर्श के उपरान्त दिया गया है।

प्रस्तुत प्रकाशन में राज्य आय अनुमान आधार वर्ष 2011-2012 पर तैयार किये गये हैं। उत्तर प्रदेश के वर्ष 2011-2012 से वर्ष 2017-2018 (त्वरित अनुमान) के अनुमान दिये गये हैं। अखिल भारतीय अनुमान दिनांक 31.05.2018 को केन्द्रीय सांख्यिकीय कार्यालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी की गयी प्रेस विज्ञप्ति पर आधारित हैं।

इन राज्य आय अनुमानों को तैयार करने में केन्द्रीय सांख्यिकीय कार्यालय, भारत सरकार नई दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश सरकार के विभिन्न संबंधित विभागों द्वारा प्रदत्त सहयोग के लिये मैं उनके प्रति आभार व्यक्त करती हूँ।

मुझे आशा है कि पूर्व की भांति इस पत्रिका में प्रकाशित राज्य आय अनुमान के आकड़े नीति निर्धारकों, योजना निर्माताओं, प्रशासकों एवं शोधकर्ताओं के लिये उपयोगी सिद्ध होंगें।

लखनऊ
दिनांक: 14-01-2019

(नीना शर्मा)
आई0ए0एस0
निदेशक, अर्थ एवं संख्या।

Scanned by CamScanner

प्रकाशन से सम्बन्धित अधिकारी एवं सहायक

1–	श्रीमती नीना शर्मा	निदेशक

प्रावैधिक मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण

1–	श्री अरविन्द कुमार पान्डेय	अपर निदेशक
2–	श्रीमती मालोविका घोषाल	संयुक्त निदेशक
3–	श्रीमती शालू गोयल	उप निदेशक

पाण्डुलिपि संरचना, समन्वय, टंकण एवं परिनिरीक्षण कार्य

1–	श्रीमती निशा तिवारी	अपर सांख्यिकीय अधिकारी
2–	श्रीमती सरिता सिंह	अपर सांख्यिकीय अधिकारी
3–	श्री जीतेन्द्र कुमार मिश्रा	अपर सांख्यिकीय अधिकारी
4–	श्री जावेद अख्तर	अपर सांख्यिकीय अधिकारी
5–	श्री सैय्यद रजा इमाम	अपर सांख्यिकीय अधिकारी
6–	श्रीमती आभा	कनिष्ठ सहायक

ग्राफ/चार्ट, मानचित्र एवं कवर पृष्ठ के कार्य

1–	श्री शिव शंकर यादव	चीफ आर्टिस्ट
2–	श्री अनिल कुमार विश्वकर्मा	वरिष्ठ कलाकार

विषय–सूची

			पृष्ठ
(1)	***राज्य आय अनुमान*** – एक परिदृश्य		I से IX
(2)	***सारणियां***		
1	(क): भारत तथा उत्तर प्रदेश की सकल घरेलू उत्पाद		1
	(ख): राष्ट्रीय निवल आय तथा उत्तर प्रदेश की निवल घरेलू उत्पाद		1
2	भारत तथा उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय		1
3	औद्योगिक स्रोतानुसार सकल राज्य घरेलू उत्पाद	प्रचलित भावों पर	2
4	औद्योगिक स्रोतानुसार सकल राज्य घरेलू उत्पाद	2011-12 भावों पर	4
5	औद्योगिक स्रोतानुसार सकल राज्य मूल्य वर्धन का प्रतिशत वितरण	प्रचलित भावों पर	6
6	औद्योगिक स्रोतानुसार सकल राज्य मूल्य वर्धन का प्रतिशत वितरण	2011-12 भावों पर	8
7	औद्योगिक स्रोतानुसार सकल राज्य घरेलू उत्पाद सूचकांक(2011-2012=100)	प्रचलित भावों पर	10
8	औद्योगिक स्रोतानुसार सकल राज्य घरेलू उत्पाद सूचकांक(2011-2012=100)	2011-12 भावों पर	12
9	औद्योगिक स्रोतानुसार सकल राज्य घरेलू उत्पाद में पिछले वर्ष से प्रतिशत वृद्धि	प्रचलित भावों पर	14
10	औद्योगिक स्रोतानुसार सकल राज्य घरेलू उत्पाद में पिछले वर्ष से प्रतिशत वृद्धि	2011-12 भावों पर	16
11	औद्योगिक स्रोतानुसार निवल राज्य घरेलू उत्पाद	प्रचलित भावों पर	18
12	औद्योगिक स्रोतानुसार निवल राज्य घरेलू उत्पाद	2011-12 भावों पर	20
13	औद्योगिक स्रोतानुसार निवल राज्य मूल्य वर्धन का प्रतिशत वितरण	प्रचलित भावों पर	22
14	औद्योगिक स्रोतानुसार निवल राज्य मूल्य वर्धन का प्रतिशत वितरण	2011-12 भावों पर	24
15	औद्योगिक स्रोतानुसार निवल राज्य घरेलू उत्पाद सूचकांक(2011-2012=100)	प्रचलित भावों पर	26
16	औद्योगिक स्रोतानुसार निवल राज्य घरेलू उत्पाद सूचकांक(2011-2012=100)	2011-12 भावों पर	28
17	औद्योगिक स्रोतानुसार निवल राज्य घरेलू उत्पाद में पिछले वर्ष से प्रतिशत वृद्धि	प्रचलित भावों पर	30
18	औद्योगिक स्रोतानुसार निवल राज्य घरेलू उत्पाद में पिछले वर्ष से प्रतिशत वृद्धि	2011-12 भावों पर	32
19	औद्योगिक स्रोतानुसार निवल राज्य आय में विभिन्न पंचवर्षीय योजनावधि में वृद्धि की वार्षिक दर	स्थायी भावों पर	34
20	प्रदेश की सकल राज्य घरेलू उत्पाद में वार्षिक वृद्धि दर	2011-12 भावों पर	36
21	प्रदेश की निवल राज्य घरेलू उत्पाद में वार्षिक वृद्धि दर	2011-12 भावों पर	36
22	प्रदेश में कृषि तथा पशुपालन खण्ड के सकल उत्पाद के अनुमान		37
23	प्रमुख राज्यों तथा राष्ट्र की प्रति व्यक्ति आय	प्रचलित भावों पर	38
24	प्रमुख राज्यों तथा राष्ट्र की प्रति व्यक्ति आय	2011-12 भावों पर	39

25	प्रमुख राज्यों तथा राष्ट्र की आय में वार्षिक वृद्धि दर		
क	छठी पंचवर्षीय योजना	स्थायी भावों पर	40
ख	सातवीं पंचवर्षीय योजना	स्थायी भावों पर	41
ग	आठवीं पंचवर्षीय योजना	स्थायी भावों पर	42
घ	नवीं पंचवर्षीय योजना	स्थायी भावों पर	43
ङ	दसवीं पंचवर्षीय योजना	स्थायी भावों पर	44
च	ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना	स्थायी भावों पर	45
छ	बारहवीं पंचवर्षीय योजना	स्थायी भावों पर	46
26	प्रमुख राज्यों की आय में प्रमुख खण्डों का प्रतिशत अंश		
क	वर्ष 2011–2012	प्रचलित भावों पर	47
ख	वर्ष 2014–2015	प्रचलित भावों पर	48
ग	वर्ष 2015–2016	प्रचलित भावों पर	49
घ	वर्ष 2016–2017	प्रचलित भावों पर	50
27	प्रमुख खण्डवार राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद	प्रचलित भावों पर	51
28	प्रमुख खण्डवार राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद	2011-12 भावों पर	53
29	औद्योगिक स्रोतानुसार राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद का प्रतिशत वितरण	प्रचलित भावों पर	55
30	औद्योगिक स्रोतानुसार राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद का प्रतिशत वितरण	2011-12 भावों पर	57
31	औद्योगिक स्रोतानुसार राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में पिछले वर्ष से प्रतिशत वृद्धि	प्रचलित भावों पर	59
32	औद्योगिक स्रोतानुसार राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में पिछले वर्ष से प्रतिशत वृद्धि	2011–12 भावों पर	61
33	प्रमुख खण्डवार राष्ट्रीय निवल आय	प्रचलित भावों पर	63
34	प्रमुख खण्डवार राष्ट्रीय निवल आय	2011–12 भावों पर	65
35	औद्योगिक स्रोतानुसार राष्ट्रीय निवल घरेलू उत्पाद का प्रतिशत वितरण	प्रचलित भावों पर	67
36	औद्योगिक स्रोतानुसार राष्ट्रीय निवल घरेलू उत्पाद का प्रतिशत वितरण	2011–12 भावों पर	69
37	औद्योगिक स्रोतानुसार राष्ट्रीय निवल घरेलू उत्पाद में पिछले वर्ष से प्रतिशत वृद्धि	प्रचलित भावों पर	71
38	औद्योगिक स्रोतानुसार राष्ट्रीय निवल घरेलू उत्पाद में पिछले वर्ष से प्रतिशत वृद्धि	2011–12 भावों पर	73
	परिशिष्ट		
	रीति विधान तथा स्रोत सामग्री सम्बंधी टिप्पणी		75

राज्य आय अनुमान–एक परिदृश्य

भूमिका

नियोजन प्रक्रिया एवं नीति निर्धारण हेतु राष्ट्रीय आय एवं राज्य स्तर पर राज्य आय अनुमान आधार स्तम्भ हैं। प्रचलित एवं स्थाई भावों पर तैयार राज्य आय अनुमान एक वर्ष की अवधि में राज्य की भौगोलिक सीमाओं के अन्दर उत्पादित सभी वस्तुओं और सेवाओं के परिमाण का मापक है। अर्थ–व्यवस्था के आर्थिक स्तर के बोध के लिये, विभिन्न राज्यों की आर्थिक तुलनात्मक स्थिति ज्ञात करने, समय के साथ अर्थव्यवस्था की खण्डीय संरचना में हुए बदलाव का संज्ञान कराने एवं अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यक्रमों के मूल्यांकन एवं अनुश्रवण हेतु राज्य आय अनुमान एकल महत्वपूर्ण एवं सर्वाधिक उपयुक्त सूचक है। स्थायी भावों पर आय अनुमान भाव परिवर्तन के प्रभाव से मुक्त होने के कारण प्रदेश की अर्थव्यवस्था में हुई वास्तविक वृद्धि को दर्शाते हैं। सकल राज्य घरेलू उत्पाद/सकल राज्य आय से स्थाई पूंजी के उपभोग/ह्रास को घटाने पर निवल राज्य घरेलू उत्पाद /निवल राज्य आय अनुमान प्राप्त होते हैं ।

2. भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय आय अनुमानों की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सर्वप्रथम 1949 में प्रोफेसर पी0सी0 महालनोबिस की अध्यक्षता में 'नेशनल इनकम कमेटी' का गठन किया गया। समिति द्वारा राष्ट्रीय आय के अनुमान एवं अपनाई गई रीति विधायन का प्रकाशन वर्ष 1951 एवं 1954 में प्रकाशित क्रमशः अपनी पहली एवं अन्तिम रिपोर्ट में किया गया। उक्त समिति द्वारा संस्तुत रीति विधायन का अनुसरण करके केन्द्रीय सांख्यिकीय कार्यालय, भारत सरकार, नई दिल्ली, द्वारा आधार वर्ष 1948–49 के स्थिर भावों पर सर्वप्रथम राष्ट्रीय आय अनुमान तैयार किये गये तथा इन अनुमानों एवं प्रचलित भावों पर तैयार राष्ट्रीय आय अनुमानों का प्रथम प्रकाशन वर्ष 1956 में किया गया। तत्पश्चात् आंकड़ों की उपलब्धता में हुए विस्तार एवं सुधार तथा आधार वर्ष को नवीनतम् वर्ष पर किये जाने की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए रीति विधायन में निरन्तर समीक्षात्मक सुधार केन्द्रीय सांख्यिकीय कार्यालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा किये जाते रहे हैं। राज्य स्तर पर राज्य आय अनुमान केन्द्रीय सांख्यिकीय कार्यालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा उपलब्ध कराये गये रीति विधायन एवं निर्देशन तथा अद्यतन उपलब्ध आंकड़ों का प्रयोग करके तैयार किये जाते हैं।

3. उत्तर प्रदेश में अर्थ एवं संख्या प्रभाग द्वारा सर्वप्रथम वर्ष 1950-51 में आधार वर्ष 1948-49 पर राज्य आय अनुमान तैयार किये गये। राज्य आय अनुमान तैयार करने में जनगणना के आंकड़ों में से कर्मकरों की संख्या के प्रयोग को दृष्टिगत रखते हुए पूर्व में राष्ट्रीय स्तर पर जनगणना वर्ष को ही आय अनुमान हेतु आधार वर्ष के रूप में लिया जाता था। इस क्रम में 1948-49 के उपरान्त वर्ष 1960-61, 1970-71 तथा 1980-81 को आधार वर्ष लिया गया। तदोपरान्त केन्द्रीय सांख्यिकीय कार्यालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रीय प्रतीक सर्वेक्षण संगठन के पांच वर्षीय अन्तराल में सम्पन्न कराये जाने वाले रोजगार एवं बेरोजगारी विषयक सर्वेक्षण से प्राप्त कर्मकरों की संख्या को आय अनुमान तैयार करने में प्रयोग के फलस्वरूप आय अनुमान हेतु इन पांच वर्षीय सर्वेक्षण वर्ष को ही आधार वर्ष लिया गया। इस प्रकार से केन्द्रीय सांख्यिकीय कार्यालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा 1980-81 के पश्चात् वर्ष 1993-94, वर्ष 1999-2000, वर्ष 2004-05 तथा वर्तमान में राष्ट्रीय प्रतीक सर्वेक्षण की 68वीं आवृत्ति में हुए रोजगार एवं बेरोजगारी विषयक सर्वेक्षण के क्रम में आय अनुमान हेतु वर्ष 2011-12 को आधार वर्ष चयनित किया गया। तदानुसार ही राज्य स्तर पर भी राज्य आय अनुमान हेतु आधार वर्ष परिवर्तित किये जाते रहे हैं।

4. केन्द्रीय सांख्यिकीय कार्यालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा एसएनए 2008 की नवीन संस्तुतियों के क्रम में सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) के उद्योगानुसार अनुमान को साधन लागत (फैक्टर कॉस्ट) के स्थान पर बुनियादी मूल्यों (बेसिक प्राइस) पर आंकलित करने तथा पूर्व के आधार वर्ष 2004-05 को परिवर्तित कर वर्ष 2011-12 करने का निर्णय लेते हुए वर्ष 2011-12 से 2013-14 के पुनरीक्षित अनुमान (आधार वर्ष 2011-12 पर) जारी किये गये थे। इसी प्रकार उ०प्र० में भी अब केन्द्रीय सांख्यिकीय कार्यालय, भारत सरकार की भांति वर्ष 2011-12 से जीएसवीए के उद्योगानुसार अनुमान वर्ष 2011-12 के आधार वर्ष पर, बुनियादी मूल्यों पर ही आंकलित किये जा रहे है। अतः उ०प्र० हेतु साधन लागत पर जीवीए की गणना नहीं की जा रही है। केन्द्रीय सांख्यिकीय कार्यालय, भारत सरकार द्वारा बाजार मूल्यों पर आंकलित सकल घरेलू उत्पाद को "सकल घरेलू उत्पाद"(जीडीपी) तथा बाजार मूल्यों पर आंकलित निवल घरेलू उत्पाद को "निवल घरेलू उत्पाद"(एनडीपी) परिभाषित किया गया है, इसी प्रकार उ०प्र० में भी बाजार मूल्यों पर आंकलित सकल राज्य घरेलू उत्पाद को सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) तथा बाजार मूल्यों पर आंकलित निवल राज्य घरेलू उत्पाद को निवल राज्य घरेलू उत्पाद (एनएसडीपी) सन्दर्भित किया जा रहा है।

केन्द्रीय सांख्यिकीय कार्यालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा उपलब्ध कराये गये रीति विधायन का अनुसरण करते हुए तथा प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों एवं केन्द्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराये गये अनन्तिम एवं त्वरित आंकड़ों एवं सूचकांको का प्रयोग करके आधार वर्ष 2011-12 पर उ०प्र० के वर्ष 2011-12 से वर्ष 2017-18 (त्वरित) के अनुमान प्रचलित एवं स्थायी भावों पर तैयार किये गये हैं, जो सारणी संख्या 3 से 12 में दिये गये हैं।

5. यहाँ यह उल्लेखनीय है कि नई श्रृंखला में सकल राज्य मूल्य वर्धन(जीएसवीए) और सकल राज्य घरेलू उत्पाद(जीएसडीपी) के आंकलन की रीति विधायन तथा डाटा बेस पुरानी श्रृंखला से भिन्न है अतः पूर्व श्रृंखला से नई श्रृंखला के अनुमान और वृद्धि दरों की तुलना करते समय सावधानी बरतने की जरूरत है।

इस प्रकाशन में प्रस्तुत विभिन्न सारणियों में प्रदर्शित अनुमानों पर महत्वपूर्ण संक्षिप्त विवेचनात्मक विवरण आगे के प्रस्तरों में प्रस्तुत है।

निवल राज्य घरेलू उत्पाद(आधार वर्ष 2011-12) की प्रवृत्तिः-

6. खण्डवार सकल राज्य घरेलू उत्पाद में से स्थायी पूंजी के उपभोग/ह्रास को घटाने पर निवल राज्य घरेलू उत्पाद प्राप्त किये गये हैं। प्रचलित भावों पर निवल राज्य घरेलू उत्पाद वर्ष 2011-12 में 645132 करोड़ ₹ से 89.8 प्रतिशत बढ़कर वर्ष 2017-18 में 1224672 करोड़ रुपये हो गयी है। इस सम्पूर्ण अवधि में निवल राज्य घरेलू उत्पाद में वार्षिक चक्रवृद्धि दर 11.3 प्रतिशत की रही है। इसी प्रकार प्रतिव्यक्ति आय वर्ष 2011-12 में ₹ 32002 से 73.3 प्रतिशत बढ़कर 2017-18 में ₹ 55456 हो गयी है। इस सम्पूर्ण अवधि में प्रति व्यक्ति आय में वार्षिक चक्रवृद्धि दर 9.6 प्रतिशत की रही है।

7. स्थायी भावों पर उपलब्ध निवल राज्य घरेलू उत्पाद के अनुमान भावों से प्रभावित न होने के कारण प्रदेश की वास्तविक आर्थिक विकास की प्रवृत्ति एवं स्तर को इंगित करते हैं। आधार वर्ष 2011-12 पर स्थायी भावों पर निवल राज्य घरेलू उत्पाद में सामान्यतः वृद्धि की प्रवृत्ति रही है। स्थायी भावों पर निवल राज्य घरेलू उत्पाद (एनएसडीपी) वर्ष 2011-12 में 645132 करोड़ रुपये से 40.6 प्रतिशत बढ़कर वर्ष 2017-18 में 907236 करोड़ रुपये हो गयी है। इस प्रकार उक्त अवधि में प्रदेश की अर्थ व्यवस्था में वार्षिक चक्रवृद्धि दर 5.8 प्रतिशत की रही है। इस अवधि

में प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2011-12 में 32002 रूपये से 28.4 प्रतिशत बढकर वर्ष 2017-18 में 41082 रूपये हो गयी है। इस सम्पूर्ण अवधि में प्रति व्यक्ति आय में वार्षिक चक्रवृद्धि दर 4.3 प्रतिशत रही है।

ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना के पाँच वर्षों में विकास की स्थिति:-

8. ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना में आधार वर्ष 2004-05 के स्थायी भावों पर कुल राज्य घरेलू उत्पाद के कृषि तथा पशुपालन खण्ड में 3.0 प्रतिशत, वन खण्ड में 2.1 प्रतिशत, मत्स्य खण्ड में 6.1 प्रतिशत, खनन तथा पत्थर निकालना खण्ड में (-)10.9 प्रतिशत, विनिर्माण खण्ड में 4.4 प्रतिशत, निर्माण खण्ड में 6.7 प्रतिशत, विद्युत, गैस व जल सम्पूर्ति खण्ड में 9.9 प्रतिशत, परिवहन, संचार व संग्रहण खण्ड में 10.4 प्रतिशत, व्यापार, होटल व जलपान गृह खण्ड में 6.5 प्रतिशत, स्थावर सम्पदा, आवास गृहों का स्वामित्व तथा व्यवसायिक सेवा खण्ड में 11.4 प्रतिशत, सार्वजनिक प्रशासन खण्ड में 8.1 प्रतिशत तथा अन्य सेवायें खण्ड में 8.9 प्रतिशत की वार्षिक चक्रवृद्धि दर परिलक्षित हुई। इस प्रकार ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना में स्थायी भावों पर कुल राज्य घरेलू उत्पाद में 6.7 प्रतिशत की वार्षिक चक्रवृद्धि दर तथा प्रति व्यक्ति आय में 4.8 प्रतिशत की वार्षिक चक्रवृद्धि दर प्राप्त हुई।

9. ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना में आधार वर्ष 2004-05 के प्रचलित भावों पर कुल निवल राज्य घरेलू उत्पाद के कृषि एवं पशुपालन खण्ड में 17.0 प्रतिशत, वन खण्ड में 11.1 प्रतिशत, मत्स्य खण्ड में 19.7 प्रतिशत, खनन तथा पत्थर निकालना खण्ड में 16.8 प्रतिशत, विनिर्माण खण्ड में 10.7 प्रतिशत, निर्माण खण्ड में 15.1 प्रतिशत, विद्युत, गैस व जल सम्पूर्ति खण्ड में (-)8.4 प्रतिशत, परिवहन, संचार व संग्रहण खण्ड में 16.5 प्रतिशत, व्यापार, होटल व जलपान गृह खण्ड में 13.4 प्रतिशत, स्थावर सम्पदा, आवास गृहों का स्वामित्व तथा व्यवसायिक सेवा खण्ड में 16.0 प्रतिशत, सार्वजनिक प्रशासन खण्ड में 18.5 प्रतिशत तथा अन्य सेवायें खण्ड में 19.4 प्रतिशत की वार्षिक चक्रवृद्धि दर परिलक्षित हुई। इस प्रकार ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना में प्रचलित भावों पर कुल निवल राज्य घरेलू उत्पाद में 15.5 प्रतिशत की वार्षिक चक्रवृद्धि दर तथा प्रति व्यक्ति आय में 13.4 प्रतिशत की वार्षिक चक्रवृद्धि दर प्राप्त हुई।

बारहवीं पंचवर्षीय योजना में विकास की स्थिति

10- बारहवीं पंचवर्षीय योजना के प्रथम वर्ष 2012-13 में गत वर्ष की तुलना में जहाँ धान के उत्पादन में 2.8 प्रतिशत, आलू के उत्पादन में 2.2 प्रतिशत, गन्ना के उत्पादन में 2.8 प्रतिशत कुल खाद्यान्न के उत्पादन में 1.2 प्रतिशत, कुल अनाज के उत्पादन में 1.3 प्रतिशत वृद्धि दृष्टिगोचर हुई, वहीं कुल दालों तथा कुल तिलहन के उत्पादन में क्रमशः (-)2.9 प्रतिशत तथा (-)4.3 प्रतिशत का ह्रास रहा। आधार वर्ष 2011-12 के स्थायी भावों पर वर्ष 2012-13 में कुल निवल राज्य मूल्य वर्धन (बुनियादी मूल्यों पर) के कृषि खण्ड में 4.8 प्रतिशत, पशुपालन खण्ड में 4.9प्रतिशत, वन खण्ड में (-)1.2 प्रतिशत, मत्स्य खण्ड में 5.3 प्रतिशत, खनन तथा पत्थर निकालना खण्ड में (-)0.8 प्रतिशत, विनिर्माण खण्ड में 6.8 प्रतिशत, निर्माण खण्ड में 0.5 प्रतिशत, विद्युत, गैस व जल सम्पूर्ति खण्ड में (-)7.4 प्रतिशत, परिवहन, संचार व संग्रहण खण्ड में 15.8 प्रतिशत, व्यापार, होटल व जलपान गृह खण्ड में (-)0.4 प्रतिशत, स्थावर सम्पदा, आवास गृहों का स्वामित्व तथा व्यवसायिक सेवा खण्ड में 6.4 प्रतिशत, सार्वजनिक प्रशासन खण्ड में 11.5 प्रतिशत तथा अन्य सेवायें खण्ड में (-)0.5 प्रतिशत की वृद्धि परिलक्षित हुई। इस प्रकार वर्ष 2012-2013 में स्थायी भावों पर कुल निवल राज्य घरेलू उत्पाद (बाज़ार मूल्यों पर) गत वर्ष से 4.4 प्रतिशत की वृद्धि कर 673552 करोड़ रूपये हो गया तथा वर्ष 2012-2013 में प्रति व्यक्ति आय भी 2.8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 32908 रूपये हो गई।

11- बारहवीं पंचवर्षीय योजना के द्वितीय वर्ष 2013-14 में गत वर्ष की तुलना में जहाँ धान के उत्पादन में 1.5 प्रतिशत, गन्ना के उत्पादन में 1.7 प्रतिशत की वृद्धि दृष्टिगोचर हुई, वही गेहूं के उत्पादन में (-)1.4 प्रतिशत, कुल दालों, कुल तिलहन तथा कुल खाद्यान्न के उत्पादन में क्रमशः (-)27.2 प्रतिशत, (-)33.0 प्रतिशत, (-)1.0 प्रतिशत तथा आलू के उत्पादन में (-)4.3 प्रतिशत का ह्रास रहा। स्थायी भावों पर कुल निवल राज्य मूल्य वर्धन (बुनियादी मूल्यों पर) के कृषि खण्ड में (-)3.7 प्रतिशत, पशुपालन खण्ड में 4.5 प्रतिशत, वन खण्ड में (-)1.9 प्रतिशत, मत्स्य खण्ड में 4.1 प्रतिशत, खनन तथा पत्थर निकालना खण्ड में 10.1 प्रतिशत, विनिर्माण खण्ड में 15.7 प्रतिशत, निर्माण खण्ड में (-)0.4 प्रतिशत, विद्युत, गैस व जल सम्पूर्ति खण्ड में 1.5 प्रतिशत, परिवहन, संचार व संग्रहण खण्ड में 13.2 प्रतिशत, व्यापार, होटल व जलपान गृह खण्ड में 9.5 प्रतिशत, स्थावर सम्पदा, आवास गृहों का स्वामित्व तथा

व्यवसायिक सेवा खण्ड में 2.8 प्रतिशत, सार्वजनिक प्रशासन खण्ड में 2.8 प्रतिशत तथा अन्य सेवायें खण्ड में 3.9 प्रतिशत की वृद्धि परिलक्षित हुई। इस प्रकार वर्ष 2013–2014 में स्थायी भावों पर कुल निवल राज्य घरेलू उत्पाद (बाज़ार मूल्यों पर) 707469 करोड़ रूपये हो गया जो कि गत वर्ष के सापेक्ष 5.0 प्रतिशत की वृद्धि प्रदर्शित करता है तथा वर्ष 2013–2014 में प्रति व्यक्ति आय गत वर्ष के सापेक्ष 3.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 34044 रूपये हो गई।

12– बारहवीं पंचवर्षीय योजना के तृतीय वर्ष 2014–15 में गत वर्ष की तुलना में धान के उत्पादन में (–)16.8 प्रतिशत, गेहूँ के उत्पादन में (–)26.2 प्रतिशत, गन्ना के उत्पादन में (–)2.3 प्रतिशत ,कुल अनाज के उत्पादन में (–)22.1 प्रतिशत, कुल तिलहन तथा कुल खाद्यान्न के उत्पादन में क्रमशः (–)25.8 प्रतिशत तथा (–)21.6 प्रतिशत का ह्रास रहा वहीं आलू के उत्पादन में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि परिलक्षित हुई। स्थायी भावों पर कुल निवल राज्य मूल्य वर्धन (बुनियादी मूल्यों पर) के कृषि खण्ड में (–)7.2 प्रतिशत, पशुपालन खण्ड में 5.6 प्रतिशत, वन खण्ड में 1.5 प्रतिशत, मत्स्य खण्ड में 7.2 प्रतिशत, खनन तथा पत्थर निकालना खण्ड में 26.1 प्रतिशत, विनिर्माण खण्ड में (–)12.7 प्रतिशत, निर्माण खण्ड में 6.4 प्रतिशत, विद्युत, गैस व जल सम्पूर्ति खण्ड में (–)6.2 प्रतिशत, परिवहन, संचार व संग्रहण खण्ड में 18.7 प्रतिशत, व्यापार, होटल व जलपान गृह खण्ड में 6.4 प्रतिशत, स्थावर सम्पदा, आवास गृहों का स्वामित्व तथा व्यवसायिक सेवा खण्ड में 4.6 प्रतिशत, सार्वजनिक प्रशासन खण्ड में 5.7 प्रतिशत तथा अन्य सेवायें खण्ड में 10.1 प्रतिशत की वृद्धि परिलक्षित हुई। इस प्रकार वर्ष 2014–2015 में स्थायी भावों पर कुल निवल राज्य घरेलू उत्पाद (बाज़ार मूल्यों पर) 3.1 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 729686 करोड़ रूपये हो गया तथा वर्ष 2014–2015 में प्रति व्यक्ति आय 1.6 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 34583 रूपये हो गई।

13–बारहवीं पंचवर्षीय योजना के चतुर्थ वर्ष 2015–16 में गत वर्ष की तुलना में धान के उत्पादन में 2.7 प्रतिशत, गेहूँ के उत्पादन में 13.4 प्रतिशत, गन्ना के उत्पादन में 9.3 प्रतिशत ,कुल अनाज के उत्पादन में 8.5 प्रतिशत तथा कुल तिलहन व कुल खाद्यान्न के उत्पादन में क्रमशः 9.9 प्रतिशत व 8.5 प्रतिशत की वृद्धि दृष्टिगोचर हुई। स्थायी भावों पर कुल निवल राज्य मूल्य वर्धन(बुनियादी मूल्यों पर) के कृषि खण्ड में 5.0 प्रतिशत, पशुपालन खण्ड में 3.8 प्रतिशत, वन खण्ड में 0.3 प्रतिशत, मत्स्य खण्ड में 2.9 प्रतिशत, खनन तथा पत्थर निकालना खण्ड में 33.9 प्रतिशत, विनिर्माण

खण्ड में 26.4 प्रतिशत, निर्माण खण्ड में 5.5 प्रतिशत, विद्युत, गैस व जल सम्पूर्ति खण्ड में 7.8 प्रतिशत, परिवहन, संचार व संग्रहण खण्ड में 11.7 प्रतिशत, व्यापार, होटल व जलपान गृह खण्ड में 9.1 प्रतिशत, स्थावर सम्पदा, आवास गृहों का स्वामित्व तथा व्यवसायिक सेवा खण्ड में 4.1 प्रतिशत, सार्वजनिक प्रशासन खण्ड में 3.8 प्रतिशत तथा अन्य सेवायें खण्ड में 5.8 प्रतिशत की वृद्धि परिलक्षित हुई। इस प्रकार वर्ष 2015-16 में स्थायी भावों पर कुल निवल राज्य घरेलू उत्पाद (बाज़ार मूल्यों पर) 8.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 790993 करोड़ रूपये हो गया तथा वर्ष 2015-16 में प्रति व्यक्ति आय 6.8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 36923 रूपये हो गई।

14-बारहवीं पंचवर्षीय योजना के पंचम वर्ष 2016-17 में गत वर्ष की तुलना में धान के उत्पादन में 15.8 प्रतिशत, गेहूँ के उत्पादन में 18.2 प्रतिशत, गन्ना के उत्पादन में 2.3 प्रतिशत, कुल अनाज के उत्पादन में 17.0 प्रतिशत तथा कुल तिलहन व कुल खाद्यान्न के उत्पादन में क्रमशः 18.4 प्रतिशत व 17.1 प्रतिशत की वृद्धि दृष्टिगोचर हुई। स्थायी भावों पर कुल निवल राज्य मूल्य वर्धन(बुनियादी मूल्यों पर) के कृषि खण्ड में 7.5 प्रतिशत, पशुपालन खण्ड में 2.5 प्रतिशत, वन खण्ड में 1.4 प्रतिशत, मत्स्य खण्ड में 23.0 प्रतिशत, खनन तथा पत्थर निकालना खण्ड में 21.2 प्रतिशत, विनिर्माण खण्ड में 16.9 प्रतिशत, निर्माण खण्ड में 1.0 प्रतिशत, विद्युत, गैस व जल सम्पूर्ति खण्ड में 8.4 प्रतिशत, परिवहन, संचार व संग्रहण खण्ड में 5.8 प्रतिशत, व्यापार, होटल व जलपान गृह खण्ड में 7.1 प्रतिशत, स्थावर सम्पदा, आवास गृहों का स्वामित्व तथा व्यवसायिक सेवा खण्ड में 3.8 प्रतिशत, सार्वजनिक प्रशासन खण्ड में 10.4 प्रतिशत तथा अन्य सेवायें खण्ड में 6.3 प्रतिशत की वृद्धि परिलक्षित हुई। इस प्रकार वर्ष 2016-17 में स्थायी भावों पर कुल निवल राज्य घरेलू उत्पाद (बाज़ार मूल्यों पर) 7.1 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 847570 करोड़ रूपये हो गया तथा वर्ष 2016-17 में प्रति व्यक्ति आय 5.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 38965 रूपये हो गई।

तेरहवीं पंचवर्षीय योजना में विकास की स्थिति

15-तेरहवीं पंचवर्षीय योजना के प्रथम वर्ष 2017-18 में गत वर्ष की तुलना में धान के उत्पादन में 7.2 प्रतिशत, गेहूँ के उत्पादन में 18.6 प्रतिशत, गन्ना के उत्पादन में 19.1 प्रतिशत, कुल अनाज के उत्पादन में 13.9 प्रतिशत तथा कुल तिलहन व कुल खाद्यान्न के उत्पादन में क्रमशः 2.6 प्रतिशत व 16.0 प्रतिशत की वृद्धि दृष्टिगोचर हुई। स्थायी भावों पर कुल निवल राज्य मूल्य वर्धन(बुनियादी मूल्यों पर) के कृषि खण्ड में 9.1 प्रतिशत, पशुपालन खण्ड में 1.6 प्रतिशत, वन खण्ड में 0.8 प्रतिशत,

मत्स्य खण्ड में 1.8 प्रतिशत, खनन तथा पत्थर निकालना खण्ड में 25.5 प्रतिशत, विनिर्माण खण्ड में 3.3 प्रतिशत, निर्माण खण्ड में 4.6 प्रतिशत, विद्युत, गैस व जल सम्पूर्ति खण्ड में 7.8 प्रतिशत, परिवहन, संचार व संग्रहण खण्ड में 7.7 प्रतिशत, व्यापार, होटल व जलपान गृह खण्ड में 7.9 प्रतिशत, स्थावर सम्पदा, आवास गृहों का स्वामित्व तथा व्यवसायिक सेवा खण्ड में 5.1 प्रतिशत, सार्वजनिक प्रशासन खण्ड में 16.4 प्रतिशत तथा अन्य सेवायें खण्ड में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि परिलक्षित हुई। इस प्रकार वर्ष 2017-18 में स्थायी भावों पर कुल निवल राज्य घरेलू उत्पाद (बाज़ार मूल्यों पर) 7.0 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 907236 करोड़ रूपये हो गया तथा वर्ष 2017-18 में प्रति व्यक्ति आय 5.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 41082 रूपये हो गई।

अर्थ-व्यवस्था की खण्डीय संरचना:-

15. राज्य की अर्थव्यवस्था में विभिन्न खण्डों के अंशदानों एवं निश्चित अवधि में हुए परिवर्तनों से यह बोध होता है कि विभिन्न आर्थिक क्षेत्र किस प्रकार विकसित हो रहे हैं। आधार वर्ष 2011-12 पर प्रचलित एवं स्थायी (2011-12) भावों पर विभिन्न खण्डों का सकल राज्य मूल्य वर्धन में अंशदान सारणी संख्या-5 एवं 6 में दिया गया है । सारणी संख्या-6 से विदित होता है कि प्राथमिक खण्ड (कृषि एवं पशुपालन, वन उद्योग एवं लट्ठे बनाना, मत्स्य, खनन् तथा पत्थर निकालना) का स्थायी (2011-12) भावों पर कुल आय में अंशदान जो वर्ष 2011-12 में 27.8 प्रतिशत था जो शनैः शनैः घट कर वर्ष 2017-18 में 24.4 प्रतिशत रह गया है । इसी अवधि में राज्य की अर्थ व्यवस्था में केवल कृषि(फसल), पशुपालन, वानिकी एवं मत्स्यन का योगदान 26.9 प्रतिशत से घटकर 22.5 प्रतिशत हो गया है । इसी अवधि में माध्यमिक खण्ड जिसमें विनिर्माण (पंजीकृत एवं अपंजीकृत), निर्माण, विद्युत, गैस तथा जल सम्पूर्ति सम्मिलित है, सकल राज्य मूल्य वर्धन में अंश दान 26.7 प्रतिशत था जो वर्ष 2017-2018 में भी 26.7 प्रतिशत ही है। तृतीयक खण्ड का अंशदान इसके विपरीत इसी अवधि में 45.5 प्रतिशत से बढ़कर 48.9 प्रतिशत हो गया है । सारणी संख्या-5 से विदित होता है कि वर्ष 2017-18 में प्रचलित भावों पर कुल सकल राज्य मूल्य वर्धन में प्राथमिक, माध्यमिक एवं तृतीयक खण्ड का योगदान क्रमशः 27.0 प्रतिशत, 25.0 प्रतिशत तथा 48.0 प्रतिशत रहा है । वर्ष 2017-18 में सकल राज्य मूल्य वर्धन में सबसे अधिक योगदान 16.7 प्रतिशत कृषि खण्ड का रहा है तथा विनिर्माण खण्ड, निर्माण खण्ड एवं स्थावर सम्पदा, आवास गृहों का स्वामित्त्व खण्ड का योगदान क्रमशः 12.9 प्रतिशत, 9.9 प्रतिशत तथा 14.7 प्रतिशत रहा है । राष्ट्रीय सकल मूल्य वर्धन में स्थायी भावों पर तृतीयक खण्ड का अंशदान जो वर्ष 2011-12 में 49.0 प्रतिशत था वर्ष 2017-18 में बढ़कर 54.0 प्रतिशत हो गया है किन्तु

माध्यमिक एवं प्राथमिक खण्ड का अंशदान जो वर्ष 2011-12 में क्रमशः 29.3 प्रतिशत एवं 21.7 प्रतिशत था वर्ष 2017-18 में घटकर क्रमशः 28.0 प्रतिशत एवं 18.0 प्रतिशत रह गया है । राष्ट्रीय स्तर पर सकल मूल्य वर्धन में वर्ष 2017-18 में प्रचलित भावों पर प्राथमिक, माध्यमिक एवं तृतीयक खण्ड का अंशदान क्रमशः 19.6 प्रतिशत, 26.6 प्रतिशत तथा 53.8 प्रतिशत है। खण्डीय संरचना के इस परिवर्तन से यह संकेत मिलता है कि वर्ष 2011-12 से न केवल राज्य की अर्थ व्यवस्था में अकृषीय घटकों का योगदान निरन्तर बढ़ रहा है परन्तु अभी भी राज्य की सम्पूर्ण अर्थ व्यवस्था में कृषि एक महत्वपूर्ण खण्ड है।

16. सारणी 23 व 24 में नये आधार वर्ष 2011-12 पर दी गयी विभिन्न राज्यों की प्रचलित तथा स्थायी भावों पर प्रति व्यक्ति आय के अनुमानों की तुलना से विदित होता है कि विभिन्न राज्यों के सापेक्ष उ०प्र० की प्रति व्यक्ति आय कम रही है। नये आधार वर्ष 2011-12 पर वर्ष 2017-18 में प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय प्रचलित भावों पर ₹ 55456 तथा स्थायी भावों पर ₹ 41082 रही है । उक्त अवधि में बिहार राज्य की प्रति व्यक्ति आय प्रचलित भावों पर ₹ 38860 तथा स्थायी भावों पर ₹ 28485 रही, जो कि उ०प्र० से कम रही है। आधार वर्ष 2011-12 पर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2017-18 में प्रचलित तथा स्थायी भावों पर क्रमशः ₹ 55456 तथा ₹ 41082 रही, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह आंकड़ा प्रचलित भावों पर ₹ 112835 तथा स्थायी भावों ₹ 86668 रहा है ।

17. जैसा कि सारिणी 1(ख) से विदित होता है कि वर्ष 2011-12 से वर्ष 2017-18 की अवधि में प्रचलित भावों पर राष्ट्रीय आय में उत्तर प्रदेश का अंश 8.3 से घटकर वर्ष 2017-18 में 8.2 प्रतिशत हो गया है। स्थायी भावों पर यह अंश वर्ष 2011-2012 में 8.3 प्रतिशत था जो वर्ष 2017-18 में घटकर 8.0 प्रतिशत हो गया। वर्ष 2011-12 से वर्ष 2017-18 की अवधि में प्रचलित भावों पर राज्य की प्रति व्यक्ति आय में 23454 रूपये (32002 रूपये से 55456 रूपये) की वृद्धि हुई, जबकि अखिल भारतीय स्तर पर 49373 रूपये (63462 रूपये से 112835 रूपये) की वृद्धि रही है । इस प्रकार आधार वर्ष (2011-2012) पर देश एवं राज्य की प्रति व्यक्ति आय का अन्तराल जो वर्ष 2011-2012 में 31460 रूपये था, जो बढकर वर्ष 2017-18 में 57399 रुपया हो गया है ।

****

सकल राज्य घरेलू उत्पाद (बाजार मूल्यों पर)

(करोड़ ₹)




निवल राज्य घरेलू उत्पाद (बाजार मूल्यों पर)
(करोड़ ₹)
प्रचलित भावों पर
स्थायी(2011-12)भावों पर
निवल आय (करोड़ ₹ में)
1400000
1200000
1000000
800000
600000
400000
200000
0
645132
645132
732995
673552
833825
707469
891798
729686
1008179
790993
1108017
847510
1224672
907236
2011-12
2012-13
2013-14
2014-15
2015-16
2016-17
2017-18
वर्ष

राज्य की सकल मूल्य वर्धन (बुनियादी मूल्यों पर) का प्रतिशत विवरण

स्थायी (2011-12) भावों पर

2011-12



2015-16



2016-17



2017-18




भारत तथा उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय (₹)
(प्रचलित भावों पर)
भारत
उत्तर प्रदेश
प्रति व्यक्ति आय (₹ में)
120000
100000
80000
60000
40000
20000
0
63462
70983
79118
86647
94731
103870
112835
भारत
32002
35812
40124
42267
47062
50942
55456
उत्तर प्रदेश
2011-12
2012-13
2013-14
2014-15
2015-16
2016-17
2017-18
वर्ष

राज्य की निवल मूल्य वर्धन (बुनियादी मूल्यों पर) का प्रतिशत विवरण

(प्रचलित भावों पर)

2011-12



2015-16



2016-17



2017-18



राज्य की निवल मूल्य वर्धन (बुनियादी मूल्यों पर) का प्रतिशत विवरण

स्थायी (2011-12) भावों पर

2011-12



2015-16



2016-17



2017-18



सारणी संख्या-1(क): भारत तथा उत्तर प्रदेश की सकल घरेलू उत्पाद

(करोड़ ₹)

वर्ष	प्रचलित भावों पर		भारत से उत्तर प्रदेश का प्रतिशत	स्थायी (2011-12) भावों पर		भारत से उत्तर प्रदेश का प्रतिशत	स्थायी (2011-12) भावों पर गत वर्ष से प्रतिशत वृद्धि	
	भारत	उत्तर प्रदेश		भारत	उत्तर प्रदेश		भारत	उत्तर प्रदेश
1	2	3	4	5	6	7	8	9
2011-12	8736329	724050	8.3	8736329	724050	8.3		
2012-13	9944013	822393	8.3	9213017	758205	8.2	5.5	4.7
2013-14	11233522	940356	8.4	9801370	802070	8.2	6.4	5.8
2014-15	12467959	1011790	8.1	10527674	834432	7.9	7.4	4.0
2015-16	13764037	1137210	8.3	11386145	907700	8.0	8.2	8.8
2016-17	15253714	1248374	8.2	12196006	974073	8.0	7.1	7.3
2017-18	16773145	1376324	8.2	13010843	1042113	8.0	6.7	7.0

सारणी संख्या-1(ख): राष्ट्रीय निवल आय तथा उत्तर प्रदेश की निवल घरेलू उत्पाद

(करोड़ ₹)

वर्ष	प्रचलित भावों पर		भारत से उत्तर प्रदेश का प्रतिशत	स्थायी (2011-12) भावों पर		भारत से उत्तर प्रदेश का प्रतिशत	स्थायी (2011-12) भावों पर गत वर्ष से प्रतिशत वृद्धि	
	भारत	उत्तर प्रदेश		भारत	उत्तर प्रदेश		भारत	उत्तर प्रदेश
1	2	3	4	5	6	7	8	9
2011-12	7742330	645132	8.3	7742330	645132	8.3		
2012-13	8766345	732995	8.4	8094001	673552	8.3	4.5	4.4
2013-14	9897663	833825	8.4	8578417	707469	8.2	6.0	5.0
2014-15	10978238	891798	8.1	9224343	729686	7.9	7.5	3.1
2015-16	12154034	1008179	8.3	9985060	790993	7.9	8.2	8.4
2016-17	13492657	1108017	8.2	10681594	847510	7.9	7.0	7.1
2017-18	14849045	1224672	8.2	11405563	907236	8.0	6.8	7.0

सारणी संख्या-2:भारत तथा उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय

वर्ष	प्रचलित भावों पर		भारत से उत्तर प्रदेश का प्रतिशत	स्थायी (2011-12) भावों पर		भारत से उत्तर प्रदेश का प्रतिशत	स्थायी (2011-12) भावों पर प्रति व्यक्ति आय में गत वर्ष से प्रतिशत वृद्धि	
	प्रति व्यक्ति आय (₹)			प्रति व्यक्ति आय (₹)				
	भारत	उत्तर प्रदेश		भारत	उत्तर प्रदेश		भारत	उत्तर प्रदेश
1	2	3	4	5	6	7	8	9
2011-12	63462	32002	50.4	63462	32002	50.4		
2012-13	70983	35812	50.5	65538	32908	50.2	3.3	2.8
2013-14	79118	40124	50.7	68572	34044	49.6	4.6	3.5
2014-15	86647	42267	48.8	72805	34583	47.5	6.2	1.6
2015-16	94731	47062	49.7	77862	36923	47.4	6.9	6.8
2016-17	103870	50942	49.0	82229	38965	47.4	5.6	5.5
2017-18	112835	55456	49.1	86668	41082	47.4	5.4	5.4

नोट -1. उत्तर प्रदेश के आधार वर्ष 2011-12 पर वर्ष 2016-17 के अनन्तिम व 2017-18 के त्वरित अनुमान।

2. भारत के आधार वर्ष 2011-12 पर वर्ष 2017-18 के अनन्तिम अनुमान।

सारणी संख्या–3

औद्योगिक स्त्रोतानुसार सकल राज्य घरेलू उत्पाद

(प्रचलित भावों पर)

(करोड़ ₹)

क.सं.	खण्ड	2011-12	2012-13	2013-14
1	2	3	4	5
1–	कृषि, वानिकी एवं मत्स्यन	183251.97	213075.87	238034.97
1.1	फसलें	124154.18	149518.64	162500.96
1.2	पशुधन	43831.66	46886.82	58986.71
1.3	वानिकी और लट्ठा बनाना	12495.16	13585.83	13123.93
1.4	मत्स्यन और जलीय कृषि	2770.97	3084.58	3423.37
2–	खनन और उत्खनन	6535.17	6887.95	8689.20
	क–प्राथमिक (1+2)	**189787.14**	**219963.82**	**246724.17**
3–	विनिर्माण	87635.82	95224.04	113774.66
4–	विद्युत, गैस तथा जल सम्पूर्ति एवं अन्य उपयोगी सेवायें	9268.46	12289.06	16635.39
5–	निर्माण कार्य	84877.01	93206.23	101134.22
	ख–माध्यमिक (3 से 5)	**181781.29**	**200719.33**	**231544.27**
6–	व्यापार,मरम्मत, होटल एवं जलपान गृह	69465.88	74725.00	86690.15
7–	परिवहन, संग्रहण तथा संचार	40474.68	49183.57	61010.10
7.1	रेलवे	10654.34	12263.94	13972.28
7.2	अन्य साधनों द्वारा परिवहन	19958.69	25053.04	29168.92
7.3	भण्डारण	1110.06	1226.08	1374.54
7.4	संचार तथा प्रसारण सम्बन्धी सेवायें	8751.59	10640.51	16494.36
	परिवहन, संचार तथा व्यापार (6+7)	**109940.56**	**123908.57**	**147700.25**
8–	वित्तीय सेवायें	25181.98	28120.02	31396.89
9–	स्थावर संपदा, आवास गृहों का स्वामित्व तथा व्यवसायिक सेवायें	97454.17	115278.19	130184.73
	वित्त तथा स्थावर संपदा (8+9)	**122636.15**	**143398.21**	**161581.62**
10–	लोक प्रशासन और रक्षा	42348.30	50586.74	54834.64
11–	अन्य सेवाएं	35401.15	38628.90	43180.07
	सामुदायिक तथा निजी सेवाएं (10+11)	**77749.45**	**89215.64**	**98014.71**
	ग–तृतीयक (6 से 11)	**310326.16**	**356522.42**	**407296.58**
12–	**सकल राज्य मूल्य वर्धन (बुनियादी मूल्यों पर)**	**681894.59**	**777205.57**	**885565.02**
	उत्पाद कर	70634	77973	85852
	उत्पाद सब्सिडी	28478	32786	31060
	सकल राज्य घरेलू उत्पाद (बाजार मूल्यों पर)	**724050.44**	**822392.92**	**940356.43**

(करोड़ ₹)

क.सं.	खण्ड	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18
1	2	6	7	8	9
1-	कृषि, वानिकी एवं मत्स्यन	245230.34	272506.12	297613.00	326503.19
1.1	फसलें	156333.61	176384.89	194897.82	212354.04
1.2	पशुधन	70710.78	79054.75	82940.61	93862.91
1.3	वानिकी और लट्ठा बनाना	14378.65	13243.71	14990.11	15414.54
1.4	मत्स्यन और जलीय कृषि	3807.30	3822.77	4784.46	4871.70
2-	खनन और उत्खनन	9615.01	11262.63	13741.92	17349.43
	क-प्राथमिक (1+2)	**254845.35**	**283768.75**	**311354.92**	**343852.62**
3-	विनिर्माण	105125.38	131344.91	154986.68	163528.39
4-	विद्युत, गैस तथा जल सम्पूर्ति एवं अन्य उपयोगी सेवायें	20017.76	22613.70	25763.81	28082.17
5-	निर्माण कार्य	112856.65	115275.19	119031.28	126169.30
	ख-माध्यमिक (3 से 5)	**237999.79**	**269233.80**	**299781.77**	**317779.86**
6-	व्यापार,मरम्मत, होटल एवं जलपान गृह	93256.22	105070.09	109451.13	121419.54
7-	परिवहन, संग्रहण तथा संचार	72438.56	81182.76	88870.91	98016.28
7.1	रेलवे	15391.15	15539.83	16566.84	17837.79
7.2	अन्य साधनों द्वारा परिवहन	36650.42	41297.07	46217.23	52525.20
7.3	भण्डारण	1418.67	1518.42	1601.99	1731.03
7.4	संचार तथा प्रसारण सम्बन्धी सेवायें	18978.32	22827.44	24484.85	25922.26
	परिवहन, संचार तथा व्यापार (6+7)	**165694.78**	**186252.85**	**198322.04**	**219435.82**
8-	वित्तीय सेवायें	35209.22	39419.46	39594.96	43468.96
9-	स्थावर संपदा, आवास गृहों का स्वामित्व तथा व्यवसायिक सेवायें	145156.38	157674.96	172099.87	187140.26
	वित्त तथा स्थावर संपदा (8+9)	**180365.60**	**197094.42**	**211694.83**	**230609.22**
10-	लोक प्रशासन और रक्षा	59737.24	63177.00	71437.39	86207.56
11-	अन्य सेवाएं	50350.71	57526.31	65351.70	73973.33
	सामुदायिक तथा निजी सेवाएं (10+11)	**110087.95**	**120703.31**	**136789.09**	**160180.89**
	ग-तृतीयक (6 से 11)	**456148.33**	**504050.58**	**546805.96**	**610225.93**
12-	**सकल राज्य मूल्य वर्धन (बुनियादी मूल्यों पर)**	**948993.47**	**1057053.13**	**1157942.65**	**1271858.41**
	उत्पाद कर	95245	111730	125138	142420
	उत्पाद सब्सिडी	32449	31573	34707	37954
	सकल राज्य घरेलू उत्पाद (बाजार मूल्यों पर)	**1011789.68**	**1137209.60**	**1248374.44**	**1376324.18**

नोट - वर्ष 2016-17 के अनन्तिम व 2017-18 के त्वरित अनुमान।

सारणी संख्या-4

औद्योगिक स्त्रोतानुसार सकल राज्य घरेलू उत्पाद

स्थायी (2011-12) भावों पर

(करोड़ ₹)

क.सं.	खण्ड	2011-12	2012-13	2013-14
1	2	3	4	5
1-	कृषि, वानिकी एवं मत्स्यन	183251.97	191618.13	190717.17
1.1	फसलें	124154.18	130405.00	127470.30
1.2	पशुधन	43831.66	45972.36	48144.63
1.3	वानिकी और लट्ठा बनाना	12495.16	12340.36	12106.84
1.4	मत्स्यन और जलीय कृषि	2770.97	2900.41	2995.40
2-	खनन और उत्खनन	6535.17	6495.03	7152.13
	क-प्राथमिक (1+2)	**189787.14**	**198113.16**	**197869.30**
3-	विनिर्माण	87635.82	91270.51	103819.54
4-	विद्युत, गैस तथा जल सम्पूर्ति एवं अन्य उपयोगी सेवायें	9268.46	9805.98	11084.08
5-	निर्माण कार्य	84877.01	85737.58	86712.79
	ख-माध्यमिक (3 से 5)	**181781.29**	**186814.07**	**201616.41**
6-	व्यापार,मरम्मत, होटल एवं जलपान गृह	69465.88	69760.21	76796.66
7-	परिवहन, संग्रहण तथा संचार	40474.68	46397.68	52325.24
7.1	रेलवे	10654.34	11732.30	13077.93
7.2	अन्य साधनों द्वारा परिवहन	19958.69	23479.35	26061.91
7.3	भण्डारण	1110.06	1135.49	1194.73
7.4	संचार तथा प्रसारण सम्बन्धी सेवायें	8751.59	10050.54	11990.67
	परिवहन, संचार तथा व्यापार (6+7)	**109940.56**	**116157.89**	**129121.90**
8-	वित्तीय सेवायें	25181.98	27751.93	30274.42
9-	स्थावर संपदा, आवास गृहों का स्वामित्व तथा व्यवसायिक सेवायें	97454.17	104556.86	109552.19
	वित्त तथा स्थावर संपदा (8+9)	**122636.15**	**132308.79**	**139826.61**
10-	लोक प्रशासन और रक्षा	42348.30	47261.08	48467.72
11-	अन्य सेवाएं	35401.15	35684.38	37429.02
	सामुदायिक तथा निजी सेवाएं (10+11)	**77749.45**	**82945.46**	**85896.74**
	ग-तृतीयक (6 से 11)	**310326.16**	**331412.14**	**354845.25**
12-	**सकल राज्य मूल्य वर्धन (बुनियादी मूल्यों पर)**	**681894.59**	**716339.37**	**754330.96**
	उत्पाद कर	70634	72241	74802
	उत्पाद सब्सिडी	28478	30375	27063
	सकल राज्य घरेलू उत्पाद (बाजार मूल्यों पर)	**724050.44**	**758204.97**	**802069.69**

(करोड़ ₹)

क.सं.	खण्ड	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18
1	2	6	7	8	9
1-	कृषि, वानिकी एवं मत्स्यन	186856.75	194791.07	206091.61	219495.85
1.1	फसलें	120551.93	126453.00	135582.43	147951.13
1.2	पशुधन	50862.11	52758.07	54022.72	54884.76
1.3	वानिकी और लट्ठा बनाना	12255.28	12325.79	12503.59	12605.81
1.4	मत्स्यन और जलीय कृषि	3187.43	3254.21	3982.87	4054.15
2-	खनन और उत्खनन	9167.13	12136.38	14712.38	18467.19
	क-प्राथमिक (1+2)	**196023.88**	**206927.45**	**220803.99**	**237963.04**
3-	विनिर्माण	93417.94	118057.78	138060.96	141665.67
4-	विद्युत, गैस तथा जल सम्पूर्ति एवं अन्य उपयोगी सेवायें	11750.08	12485.27	14042.08	15132.80
5-	निर्माण कार्य	92325.28	97165.01	98145.18	102667.15
	ख-माध्यमिक (3 से 5)	**197493.30**	**227708.06**	**250248.22**	**259465.62**
6-	व्यापार,मरम्मत, होटल एवं जलपान गृह	81625.72	89447.99	95788.56	103377.10
7-	परिवहन, संग्रहण तथा संचार	63878.80	71162.13	75130.00	80803.57
7.1	रेलवे	13499.79	13221.56	13149.12	14157.87
7.2	अन्य साधनों द्वारा परिवहन	32876.43	37172.39	40274.48	44177.20
7.3	भण्डारण	1184.16	1227.48	1231.55	1283.25
7.4	संचार तथा प्रसारण सम्बन्धी सेवायें	16318.42	19540.70	20474.85	21185.25
	परिवहन, संचार तथा व्यापार (6+7)	**145504.52**	**160610.12**	**170918.56**	**184180.67**
8-	वित्तीय सेवायें	33662.47	36534.12	36376.83	39935.97
9-	स्थावर संपदा, आवास गृहों का स्वामित्व तथा व्यवसायिक सेवायें	116096.88	121739.11	126352.83	132786.86
	वित्त तथा स्थावर संपदा (8+9)	**149759.35**	**158273.23**	**162729.66**	**172722.83**
10-	लोक प्रशासन और रक्षा	50806.04	52421.76	57129.90	66482.08
11-	अन्य सेवाएं	41349.88	45092.82	48605.18	52678.76
	सामुदायिक तथा निजी सेवाएं (10+11)	**92155.92**	**97514.58**	**105735.08**	**119160.84**
	ग-तृतीयक (6 से 11)	**387419.79**	**416397.93**	**439383.30**	**476064.34**
12-	**सकल राज्य मूल्य वर्धन (बुनियादी मूल्यों पर)**	**780936.97**	**851033.44**	**910435.51**	**973493.00**
	उत्पाद कर	81138	86791	95864	103079
	उत्पाद सब्सिडी	27643	30124	32227	34459
	सकल राज्य घरेलू उत्पाद (बाजार मूल्यों पर)	**834432.37**	**907700.41**	**974072.72**	**1042113.41**

नोट - वर्ष 2016-17 के अनन्तिम व 2017-18 के त्वरित अनुमान।

सारणी संख्या–5

औद्योगिक स्त्रोतानुसार सकल राज्य मूल्य वर्धन का प्रतिशत वितरण

(प्रचलित भावों पर)

(प्रतिशत)

क्र.सं.	खण्ड	2011-12	2012-13	2013-14
1	2	3	4	5
1–	कृषि, वानिकी एवं मत्स्यन	26.9	27.4	26.9
1.1	फसलें	18.2	19.2	18.3
1.2	पशुधन	6.4	6.0	6.7
1.3	वानिकी और लट्ठा बनाना	1.8	1.7	1.5
1.4	मत्स्यन और जलीय कृषि	0.4	0.4	0.4
2–	खनन और उत्खनन	1.0	0.9	1.0
	क–प्राथमिक (1+2)	**27.8**	**28.3**	**27.9**
3–	विनिर्माण	12.9	12.3	12.8
4–	विद्युत, गैस तथा जल सम्पूर्ति एवं अन्य उपयोगी सेवायें	1.4	1.6	1.9
5–	निर्माण कार्य	12.4	12.0	11.4
	ख–माध्यमिक (3 से 5)	**26.7**	**25.8**	**26.1**
6–	व्यापार,मरम्मत, होटल एवं जलपान गृह	10.2	9.6	9.8
7–	परिवहन, संग्रहण तथा संचार	5.9	6.3	6.9
7.1	रेलवे	1.6	1.6	1.6
7.2	अन्य साधनों द्वारा परिवहन	2.9	3.2	3.3
7.3	भण्डारण	0.2	0.2	0.2
7.4	संचार तथा प्रसारण सम्बन्धी सेवायें	1.3	1.4	1.9
	परिवहन, संचार तथा व्यापार (6+7)	**16.1**	**15.9**	**16.7**
8–	वित्तीय सेवायें	3.7	3.6	3.5
9–	स्थावर संपदा, आवास गृहों का स्वामित्व तथा व्यवसायिक सेवायें	14.3	14.8	14.7
	वित्त तथा स्थावर संपदा (8+9)	**18.0**	**18.5**	**18.2**
10–	लोक प्रशासन और रक्षा	6.2	6.5	6.2
11–	अन्य सेवाएं	5.2	5.0	4.9
	सामुदायिक तथा निजी सेवाएं (10+11)	**11.4**	**11.5**	**11.1**
	ग–तृतीयक (6 से 11)	**45.5**	**45.9**	**46.0**
12–	**सकल राज्य मूल्य वर्धन (बुनियादी मूल्यों पर)**	**100.0**	**100.0**	**100.0**

(प्रतिशत)

क्र.सं.	खण्ड	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18
1	2	6	7	8	9
1-	कृषि, वानिकी एवं मत्स्यन	25.8	25.8	25.7	25.7
1.1	फसलें	16.5	16.7	16.8	16.7
1.2	पशुधन	7.5	7.5	7.2	7.4
1.3	वानिकी और लट्ठा बनाना	1.5	1.3	1.3	1.2
1.4	मत्स्यन और जलीय कृषि	0.4	0.4	0.4	0.4
2-	खनन और उत्खनन	1.0	1.1	1.2	1.4
	क-प्राथमिक (1+2)	**26.9**	**26.8**	**26.9**	**27.0**
3-	विनिर्माण	11.1	12.4	13.4	12.9
4-	विद्युत, गैस तथा जल सम्पूर्ति एवं अन्य उपयोगी सेवायें	2.1	2.1	2.2	2.2
5-	निर्माण कार्य	11.9	10.9	10.3	9.9
	ख-माध्यमिक (3 से 5)	**25.1**	**25.5**	**25.9**	**25.0**
6-	व्यापार,मरम्मत, होटल एवं जलपान गृह	9.8	9.9	9.5	9.5
7-	परिवहन, संग्रहण तथा संचार	7.6	7.7	7.7	7.7
7.1	रेलवे	1.6	1.5	1.4	1.4
7.2	अन्य साधनों द्वारा परिवहन	3.9	3.9	4.0	4.1
7.3	भण्डारण	0.1	0.1	0.1	0.1
7.4	संचार तथा प्रसारण सम्बन्धी सेवायें	2.0	2.2	2.1	2.0
	परिवहन, संचार तथा व्यापार (6+7)	**17.5**	**17.6**	**17.1**	**17.3**
8-	वित्तीय सेवायें	3.7	3.7	3.4	3.4
9-	स्थावर संपदा, आवास गृहों का स्वामित्व तथा व्यवसायिक सेवायें	15.3	14.9	14.9	14.7
	वित्त तथा स्थावर संपदा (8+9)	**19.0**	**18.6**	**18.3**	**18.1**
10-	लोक प्रशासन और रक्षा	6.3	6.0	6.2	6.8
11-	अन्य सेवाएं	5.3	5.4	5.6	5.8
	सामुदायिक तथा निजी सेवाएं (10+11)	**11.6**	**11.4**	**11.8**	**12.6**
	ग-तृतीयक (6 से 11)	**48.1**	**47.7**	**47.2**	**48.0**
12-	**सकल राज्य मूल्य वर्धन (बुनियादी मूल्यों पर)**	**100.0**	**100.0**	**100.0**	**100.0**

नोट - वर्ष 2016-17 के अनन्तिम व 2017-18 के त्वरित अनुमान।

सारणी संख्या-6

औद्योगिक स्त्रोतानुसार सकल राज्य मूल्य वर्धन का प्रतिशत वितरण

स्थायी (2011-12) भावों पर

(प्रतिशत)

क.सं.	खण्ड	2011-12	2012-13	2013-14
1	2	3	4	5
1-	कृषि, वानिकी एवं मत्स्यन	26.9	26.7	25.3
1.1	फसलें	18.2	18.2	16.9
1.2	पशुधन	6.4	6.4	6.4
1.3	वानिकी और लट्ठा बनाना	1.8	1.7	1.6
1.4	मत्स्यन और जलीय कृषि	0.4	0.4	0.4
2-	खनन और उत्खनन	1.0	0.9	0.9
	क-प्राथमिक (1+2)	**27.8**	**27.7**	**26.2**
3-	विनिर्माण	12.9	12.7	13.8
4-	विद्युत, गैस तथा जल सम्पूर्ति एवं अन्य उपयोगी सेवायें	1.4	1.4	1.5
5-	निर्माण कार्य	12.4	12.0	11.5
	ख-माध्यमिक (3 से 5)	**26.7**	**26.1**	**26.7**
6-	व्यापार,मरम्मत, होटल एवं जलपान गृह	10.2	9.7	10.2
7-	परिवहन, संग्रहण तथा संचार	5.9	6.5	6.9
7.1	रेलवे	1.6	1.6	1.7
7.2	अन्य साधनों द्वारा परिवहन	2.9	3.3	3.5
7.3	भण्डारण	0.2	0.2	0.2
7.4	संचार तथा प्रसारण सम्बन्धी सेवायें	1.3	1.4	1.6
	परिवहन, संचार तथा व्यापार (6+7)	**16.1**	**16.2**	**17.1**
8-	वित्तीय सेवायें	3.7	3.9	4.0
9-	स्थावर संपदा, आवास गृहों का स्वामित्व तथा व्यवसायिक सेवायें	14.3	14.6	14.5
	वित्त तथा स्थावर संपदा (8+9)	**18.0**	**18.5**	**18.5**
10-	लोक प्रशासन और रक्षा	6.2	6.6	6.4
11-	अन्य सेवाएं	5.2	5.0	5.0
	सामुदायिक तथा निजी सेवाएं (10+11)	**11.4**	**11.6**	**11.4**
	ग-तृतीयक (6 से 11)	**45.5**	**46.3**	**47.0**
12-	**सकल राज्य मूल्य वर्धन (बुनियादी मूल्यों पर)**	**100.0**	**100.0**	**100.0**

(प्रतिशत)

क.सं.	खण्ड	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18
1	2	6	7	8	9
1-	कृषि, वानिकी एवं मत्स्यन	23.9	22.9	22.6	22.5
1.1	फसलें	15.4	14.9	14.9	15.2
1.2	पशुधन	6.5	6.2	5.9	5.6
1.3	वानिकी और लट्ठा बनाना	1.6	1.4	1.4	1.3
1.4	मत्स्यन और जलीय कृषि	0.4	0.4	0.4	0.4
2-	खनन और उत्खनन	1.2	1.4	1.6	1.9
	क-प्राथमिक (1+2)	**25.1**	**24.3**	**24.3**	**24.4**
3-	विनिर्माण	12.0	13.9	15.2	14.6
4-	विद्युत, गैस तथा जल सम्पूर्ति एवं अन्य उपयोगी सेवायें	1.5	1.5	1.5	1.6
5-	निर्माण कार्य	11.8	11.4	10.8	10.5
	ख-माध्यमिक (3 से 5)	**25.3**	**26.8**	**27.5**	**26.7**
6-	व्यापार,मरम्मत, होटल एवं जलपान गृह	10.5	10.5	10.5	10.6
7-	परिवहन, संग्रहण तथा संचार	8.2	8.4	8.3	8.3
7.1	रेलवे	1.7	1.6	1.4	1.5
7.2	अन्य साधनों द्वारा परिवहन	4.2	4.4	4.4	4.5
7.3	भण्डारण	0.2	0.1	0.1	0.1
7.4	संचार तथा प्रसारण सम्बन्धी सेवायें	2.1	2.3	2.2	2.2
	परिवहन, संचार तथा व्यापार (6+7)	**18.6**	**18.9**	**18.8**	**18.9**
8-	वित्तीय सेवायें	4.3	4.3	4.0	4.1
9-	स्थावर संपदा, आवास गृहों का स्वामित्व तथा व्यवसायिक सेवायें	14.9	14.3	13.9	13.6
	वित्त तथा स्थावर संपदा (8+9)	**19.2**	**18.6**	**17.9**	**17.7**
10-	लोक प्रशासन और रक्षा	6.5	6.2	6.3	6.8
11-	अन्य सेवाएं	5.3	5.3	5.3	5.4
	सामुदायिक तथा निजी सेवाएं (10+11)	**11.8**	**11.5**	**11.6**	**12.2**
	ग-तृतीयक (6 से 11)	**49.6**	**48.9**	**48.3**	**48.9**
12-	**सकल राज्य मूल्य वर्धन (बुनियादी मूल्यों पर)**	**100.0**	**100.0**	**100.0**	**100.0**

नोट - वर्ष 2016-17 के अनन्तिम व 2017-18 के त्वरित अनुमान।

सारणी संख्या-7

औद्योगिक स्त्रोतानुसार सकल राज्य घरेलू उत्पाद सूचकांक

(प्रचलित भावों पर)

क.सं.	खण्ड	2011-12	2012-13	2013-14
1	2	3	4	5
1-	कृषि, वानिकी एवं मत्स्यन	100.0	116.3	129.9
1.1	फसलें	100.0	120.4	130.9
1.2	पशुधन	100.0	107.0	134.6
1.3	वानिकी और लट्ठा बनाना	100.0	108.7	105.0
1.4	मत्स्यन और जलीय कृषि	100.0	111.3	123.5
2-	खनन और उत्खनन	100.0	105.4	133.0
	क-प्राथमिक (1+2)	**100.0**	**115.9**	**130.0**
3-	विनिर्माण	100.0	108.7	129.8
4-	विद्युत, गैस तथा जल सम्पूर्ति एवं अन्य उपयोगी सेवायें	100.0	132.6	179.5
5-	निर्माण कार्य	100.0	109.8	119.2
	ख-माध्यमिक (3 से 5)	**100.0**	**110.4**	**127.4**
6-	व्यापार,मरम्मत, होटल एवं जलपान गृह	100.0	107.6	124.8
7-	परिवहन, संग्रहण तथा संचार	100.0	121.5	150.7
7.1	रेलवे	100.0	115.1	131.1
7.2	अन्य साधनों द्वारा परिवहन	100.0	125.5	146.1
7.3	भण्डारण	100.0	110.5	123.8
